# मूंग खरीदी में अव्यवस्थाओं से किसानों में आक्रोश

## सड़क पर बैठकर किसानों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईंखेड़ा।** जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं ने किसानों का धैर्य जवाब दे दिया है। खरीदी केंद्रों और वेयरहाउसों में समय पर तौल नहीं होने, लंबी प्रतीक्षा, व्यवस्थाओं की कमी तथा अन्य समस्याओं से परेशान किसान अब लगातार आंदोलन का रास्ता अपना रहे हैं। जिले के विभिन्न वेयरहाउसों के सामने किसानों द्वारा धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किए जाने से स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। मंगलवार को भी कई स्थानों पर किसानों ने सड़क पर बैठकर



हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया और भगवान से प्रार्थना की कि सरकार एवं प्रशासन को सद्बुद्धि मिले, जिससे किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। किसानों का कहना था कि वे लंबे समय से अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं कर पा रहे हैं। चक्का जाम के कारण प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई किलोमीटर तक यातायात प्रभावित रहा। जाम में एम्बुलेंस, स्कूली बच्चों से भरे वाहन, मरीज, नौकरीपेशा लोग और अन्य आवश्यक कार्यों से आने-जाने वाले नागरिक घंटों तक फंसे रहे। इससे आमजन में भी भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि किसानों की मांगें जायज हो सकती हैं, लेकिन बार-बार जाम लगने से पूरे जिले का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### किसानों का आरोप


किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं हैं। तौल प्रक्रिया धीमी है और कई किसानों को कई दिनों तक अपनी उपज लेकर इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने मांग की कि खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और व्यवस्थित बनाया जाए, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। स्थानीय नागरिकों ने भी जिला प्रशासन से अपील की है।

## जनसुनवाई में आये 140 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 140 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एडीएम अरविंद सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# रीता जायसवाल का विदाई समारोह आयोजित

**नवभारत/गाडरवारा।** ग्राम आमगांव छोटा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में सहायक शिक्षक श्रीमती रीता जायसवाल के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने श्रीमती जायसवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया तथा सदैव छात्र-हित को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ऋचा





स्थापक, प्रमोद राजोरिया, मायाशंकर जायसवाल, मनीष स्थापक, बीआरसी संदीप स्थापक, विद्यालय प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे, विजेंद्र कौरव, अशोक झारिया, सुबोध साहू, के.के. पाठक, रश्मि मालवीय, लेखा साहू, अमित पटैल, मधुसूदन पटैल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक रमेश खंगार ने किया। समारोह के अंत में सभी ने श्रीमती रीता जायसवाल के स्वस्थ, सुखद एवं सफल सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### एक नजर में

#### शालेय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाओं का दमदार प्रदर्शन

**नरसिंहपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी, नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड स्तरीय शालेय तैराकी, ड्राइविंग एवं वाटर पोलो प्रतियोगिता का आयोजन अशासकीय काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गाडरवारा में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने उत्कृष्ट तैराकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन के उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया।

#### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 7 अगस्त को होगी आयोजित

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का जिला स्तरीय आयोजन 7 अगस्त 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय स्तर से तीन-तीन विद्यार्थियों की टीम बनाई जाएगी। जिले के 143 विद्यालयों टीमों द्वारा ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 दो चरणों में आयोजित होगी। पहले चरण में लिखित परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे तक होगी, जिसमें करीब 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रश्न मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों, संस्कृति, इतिहास, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य विषयों पर आधारित होंगे।

#### कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, लंबित प्रकरणों तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में सुनिश्चित रूप से पहुंचे। उन्होंने आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

#### जनसहभागिता से ही बनेगा स्वच्छ समृद्ध और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्वैच्छिकता पर्व में परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि जनसहभागिता और स्वैच्छिकता ही समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नदियों का जलस्तर लगातार घट रहा है, जंगल सिमट रहे हैं तथा प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है।



# कांग्रेस ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस संपन्न हुये दतिया विधानसभा उप चुनावों के परिणामों में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को जनविश्वास की जीत बताते हुए स्पष्ट किया है कि प्रदेश बढ़ते भ्रष्टाचार और किसानों बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के चलते लोग भाजपा की करनी और कथनी स्पष्ट रूप से समझ गया है।यह विजय कांग्रेस को जन विश्वास की जीत है।नगर कांग्रेस कमेटी तेंदूखेड़ा में जबरदस्त उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में जश्न मनाते हुए जमकर आतिशबाजी की।

# शिक्षा मंत्री से मिले अतिथि शिक्षक

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस एक विदाईभिनंदन कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से अतिथि शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रामकिशोर कौरव के नेतृत्व में मुलाकात कर अपनी वेदनाओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा शिक्षा मंत्री का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए अतिथि शिक्षकों ने अपनी समस्याएं बताते हुए स्पष्ट किया कि हम लोग 2008 से लगातार शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बने हुए हैं। शासकीय स्कूलों में अथक परिश्रम कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।परंतु सरकार के द्वारा हम असहाय अतिथि शिक्षकों के



नियमितीकरण को लेकर आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। हम लोग अपने आप में ठगा सा महसूस कर रहे हैं।विधानसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 22 सितंबर को घोषणा की गई थी वह भी अभी तक क्रियान्वित नहीं हो सकी है। जिसका लाभ भी हम अतिथि शिक्षकों को मिलता नहीं दिख रहा है। गुरुजी की तर्ज पर हम लोगों की भी विभागीय परीक्षा आयोजित कराई जाए जिससे हम अतिथि शिक्षकों का समय रहते भविष्य सुनियोजित हो सके एवं हमें भी शासकीय सेवाओं का लाभ मिल सके। शिक्षा मंत्री ने अतिथि शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि हमारी सरकार द्वारा कुछ दिवस पूर्व अतिथि शिक्षकों को 10 दिन अवकाश की व्यवस्था की गई है।

## सोशल मीडिया पर नकली पिस्टल लहराने वाले नाबालिगों को पुलिस की समझाइश, वीडियो डिलीट कराया

**गोटेगांव।** नरसिंहपुर सोशल मीडिया पर नकली पिस्टल लहराते हुए वीडियो पोस्ट करने वाले नाबालिगों को करेली थाना पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए विशेष जांच के निर्देश दिए। जांच में पता चला कि वीडियो करेली थाना क्षेत्र के कुछ नाबालिग बच्चों द्वारा मनोरंजन और सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के उद्देश्य से बनाया गया था। पुलिस टीम ने संबंधित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को थाना बुलाया। उन्हें सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, हथियार जैसे प्रतीकों के दुष्प्रभाव और कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार



से समझाइश दी गई। साथ ही भविष्य में इस तरह की गतिविधि न दोहराने की हिदायत दी गई। पुलिस ने संबंधित वीडियो को तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटवाकर डिलीट भी कराया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर लगातार नजर रखें और उन्हें सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के लिए।

# 6 पेटी अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत/ गाडरवारा/ चीचली।** नरसिंहपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत अवैध शराब के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना चीचली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 पेटी देशी मसाला एवं प्लेन शराब तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि इमलिया रोड स्थित ग्राम चरगवां कला के पास एक मोटरसाइकिल से अवैध शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना चीचली पुलिस ने तत्काल प्रभावी घेराबंदी




कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 6 पेटी देशी मसाला एवं प्लेन शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनीत उर्फ बंटी कीर (24 वर्ष) निवासी पुरानी बस्ती धोबी मोहल्ला, पिपरिया (जिला नर्मदापुरम) तथा राज सराठे (20 वर्ष) निवासी रामविलास कॉलोनी, पिपरिया (जिला नर्मदापुरम) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। जब्त शराब एवं वाहन सहित कुल मशरूका की अनुमानित कीमत करीब 1.13 लाख रुपये बताई गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शशि विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक अमित गोटिया, आरक्षक सत्यसिंह तथा महिला आरक्षक बंदेश्वरी की सराहनीय भूमिका रही।

## कलेक्टर ने मूंग उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन को सुचारु, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह ने मंगलवार को सिंहपुर एवं नेहा वेयर हाउस भुगवारा स्थित मूंग उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं, तुलाई, किसानों की सुविधाओं तथा टोकन प्रणाली के क्रियान्वयन का जायजा लिया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर मौजूद किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इस पर कलेक्टर ने संबंधित समिति प्रबंधक एवं अधिकारियों को तुलाई कार्य में तेजी लाने तथा पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित परिवार परेशान

**नवभारत/ गोटेगांव।** तहसील के ग्राम गौरतला निवासी एक परिवार ने विवाह समारोह में हुई मारपीट की शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना को लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदक महेन्द्र यादव ने बताया कि उनकी भान्जी का विवाह दिनांक 28.06.2026 को था। बारात के दौरान विवाह स्थल पर केदार यादव, कहर, लखन यादव एवं उनके परिवार के सदस्य सौरभ सुमेश योगेश राजेश खेमचंद, अनिल यादव आदि द्वारा बारातियों के साथ मारपीट की गई। इस घटना में बाराती महेन्द्र को गंभीर



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जी
जिला नरसिंहपुर

विषय – चौकी प्रभारी झोतेश्वर द्वारा व गोटेगांव थाना प्रभारी कार्यवाही न करने के संबंध में शिकायत हेतु आवेदन पत्र।
महोदय जी,

विनम्र निवेदन है कि मैं महेन्द्र यादव ... तहसील गोटेगांव व जिला नरसिंहपुर का निवासी हूं। ... दिनांक 01.07.2026 को की गई थी ... मेडिकल जबलपुर में कराया गया था ...

यह कि उक्त व्यक्ति सभी सार्वजनिक कार्यक्रम ... दबंग व्यक्ति है। जिससे इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की ... दिनांक 01.06.2026 को थाना प्रभारी गोटेगांव के पास भी इस ... जिस पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही हुई है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि मेरी गंभीर ... दिलाया जावे व उचित दण्डात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।
उचित विनय सेवा में प्रेषित

दिनांक – 04.08.2026

चोटें आईं, जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज जबलपुर में कराया गया। पीड़ित की मां कल्लु बाई द्वारा इस संबंध में दिनांक 01.07.2026 को झोतेश्वर चौकी में शिकायत दी गई थी। वहीं आवेदक ने दिनांक 01.06.2026 को थाना प्रभारी गोटेगांव को भी शिकायत सौंपी थी। लेकिन आज तक कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि शिकायत करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उक्त सभी व्यक्ति दबंग प्रवृत्ति के हैं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में अक्सर उत्पात करते हैं। इसी कारण उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती। पीड़ित महेन्द्र यादव ने स्कसे मांग की है कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

# शासकीय चरनोई भूमि को गौमाता की सुरक्षा को लेकर शिकायत पत्र सौंपा

**नवभारत/ करेली।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी करेली को चरनोई भूमि, छोटी घास की शासकीय भूमि को गोमाता गौ वंश की सुरक्षा , संरक्षित,संवर्धन को लेकर शिकायत , पट्टे में न देने को लेकर की गई। ज्ञापन में कहा गया है दिनांक 5 अगस्त दिन बुधवार को नगर पालिका करेली के द्वारा परिषद का विशेष बैठक की जा रही है। विशेष सम्मेलन के क्रमांक 3 में कहा गया है जिस पर रोक लगाई जाए क्योंकि गोमाता के शरीर में 33 कोटि के देवताओं का बास होता है। यदि चरनोई भूमि को संरक्षित नहीं किया जाता है तो हम सब आंदोलन ,आमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे जिसकी जवाबदारी नगर प्रशासन के साथ साथ परिषद की भी होंगी । ज्ञापन में भारतीय जीव ,जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ,जी सी सी आई के प्रदेश मीडिया प्रभारी भागीरथ तिवारी,सरपंच इंद्रेश यादव, यश राजपूत, आदि के द्वारा कहा गया कि चरनोई भूमि को किसी भी हालत में पट्टे में न दी जाए क्योंकि गौ माता में 33 कोटि के देवी देवताओं का वास होता है ज्ञापन की प्रतिलिपि अध्यक्ष ,सचिव भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड, पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका,संजय गांधी ,जीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वल्लभभाई, राज्यपाल सीएम, के साथ साथ संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने दिया नशामुक्ति व ध्यान का संदेश

**नवभारत/ गाडरवारा।** ग्राम अमाड़ा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल में आयोजित प्रेरणादायी कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन रश्मि एवं बहन ऋचा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशामुक्त जीवन और ध्यान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा समाज की गंभीर बुराई है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को प्रभावित करती है। विद्यार्थियों को जीवनभर नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने ध्यान के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की विधि बताते हुए कहा कि नियमित ध्यान करने से मन शांत, स्थिर और एकाग्र रहता है, जिससे तनाव कम





होता है तथा सकारात्मक सोच का विकास होता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ध्यान एवं नैतिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र सिंह वर्मा, रामकुमार मेहरा, जे.एल. साहू, कृपांशु मेश्राम, शुभम कालबेले, देवेंद्र वर्मा, किरण राजपूत, नेहा वर्मा, युगाक्षी वर्मा सहित अभिभावक राजेन्द्र कुमार वर्मा, रमेश साहू तथा समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।



## ऑपरेशन ईगल क्लॉ में ठेमी पुलिस का बड़ा प्रहार

**नवभारत/गोटेगांव।** नशे के खिलाफ जंग में नरसिंहपुर पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे! ऑपरेशन ईगल क्लॉ अभियान के तहत ठेमी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ठेमी क्षेत्र के छिंदामानी तिराहा पर एक व्यक्ति अवैध स्मैक बेचने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे दौडाकर धरदबोचा। तलाशी में आरोपी के पास से 11.30 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग रूपये 1.30 लाख आंकी गई है।

**शुभारंभ** | नशामुक्त-संस्कारवान भारत के संकल्प के साथ ब्रह्माकुमारी का महाअभियान शुरू

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान का शुभारंभ

**नवभारत/ गोटेगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र द्वारा मंगलवार को 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विचार संगोष्ठी में नशामुक्त, संस्कारवान एवं सशक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परमपिता परमात्मा शिव के शिवलिंग स्वरूप पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन एवं



ब्रह्माकुमारी दीपशिखा बहन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेल ने अभियान के निवेदन-पत्रों का विमोचन किया। उपस्थित भाई-बहनों ने राजयोग के माध्यम से ध्यान कर नशामुक्त भारत के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी मीना बहन ने बताया कि पूज्य दादी प्रकाशमणि जी की स्मृति में 6 अगस्त से 20 अगस्त तक यह अभियान चलाया जा रहा है।

### नशामुक्त, योगयुक्त एवं तनावमुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई

उन्होंने नागरिकों को नशामुक्त, योगयुक्त एवं तनावमुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने की वास्तविक शक्ति आत्मा और परमात्मा के दिव्य संबंध में है। श्री पटेल ने कहा कि भारत की 65प्र युवा आबादी राष्ट्र निर्माण की शक्ति है। समाज को संगठित होकर युवाओं को नशे से दूर रखना होगा। उन्होंने परिवारों में प्रेम, संवाद और मर्यादा बनाए रखने तथा कृषि में रसायनों के कम उपयोग पर भी जोर दिया।

## जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया आचार्य बालकृष्ण का 54वां जन्मदिन

**नवभारत/गोटेगांव।** पतंजलि योग समिति द्वारा आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी का 54वां जन्मदिवस ग्राम तिघरा स्थित अतरिया स्कूल में मनाया गया। इस अवसर पर पौधरोपण कर औषधीय जड़ी-बूटियों का वितरण किया गया। आचार्य बालकृष्ण जी का जन्मदिन पूरे भारत में प्रति वर्ष जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राघवेंद्र आर्य ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों में पौधरोपण किया जा रहा है। पतंजलि महिला योग समिति की तहसील प्रभारी श्रीमती दुर्गा आर्य ने कहा कि एलोवेरा, तुलसी, गिलोय, नीम, अश्वगंधा, शतावरी जैसी औषधियां जीवनदायिनी हैं। उन्होंने सभी से अपने घरों में औषधीय पौधे लगाने और उनका सेवन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 250 अ-20(1) सन्-2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 25/08/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कंदेली | 41/25 | 452 वर्गफुट | हरीश शर्मा आ. गेंदालाल शर्मा निवासी नेहरू वार्ड कंदेली | हरीश शर्मा आ. गेंदालाल शर्मा निवासी नेहरू वार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर